प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : **14.06.2025** समय : **07.10AM**

मुख्य समाचार :-

- ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से होगा प्रारंभ
- अहमदाबाद में हादसे के शिकार विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, कल तक सभी मृतकों की हो जाएगी पहचान।
- ओंकारेश्वर में प्रदूषण रोकने के लिए डीजल इंजन नावों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध।
- प्रदेश के 26 जिलों में आज तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट, कई इलाकों में पेड़ और खम्बे गिरे।

**ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने का प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ होगा।

कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित उत्पादन 20 लाख 23 हजार मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित उत्पादन 1 लाख 24 हजार मीट्रिक टन है।

**विमान दुर्घटना**

अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के एक दिन बाद एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो को ब्लैक बॉक्स मिल गया है। इसके जरिए पता चल सकेगा कि दुर्घटना होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। हमारी अहमदाबाद संवाददाता ने बताया कि बचाव दल ने 200 से ज्यादा शव बरामद कर लिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

बचाव दल ने 200 से ज्यादा शव बरामद कर लिए हैं। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। 7 शव डीएनए टेस्ट के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मरने वालों में 241 विमान में सवार यात्री और चालक दल के सदस्य

थे जबकि 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां विमान दुर्घटना हुई। एअर इंडिया की फ्लाइट के एक यात्री की जान बच गई है।

**यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आमजन को विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए। यूनिफाइड पोर्टल को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को जोड़कर लांच किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए विभाग सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें।

**पार्षद मतदान**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 16 जून को होगा। नामांकन पत्र 23 जून तक लिये जायेंगे। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।

**ओंकारेश्वर डीजल नाव प्रतिबन्ध**

ओंकारेश्वर में प्रदूषण रोकने और आम लोगों की सेहत के मद्देनजर कल 13 जून से डीजल इंजन नावों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार नर्मदा नदी में डीजल इंजन का उपयोग एवं संचालन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी में इलेक्ट्रिक इंजन एवं चप्पू चलित नावों का संचालन किया जा सकेगा।

**दमोह  कंशी**

केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने कल दमोह में आकांक्षी जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की । इस बैठक में शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार जैसे निर्धारित बिंदुओं पर दमोह जिले में चल रहे कार्यों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर  केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि बुंदेलखंड में विशेष रूप से दमोह के आकांक्षी जिला होने के नाते हम अपना रोल तय करें। वहीँ, सांसद राहुल सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। दमोह कलेक्टर ने बताया कि दमोह जिला देश में प्रथम 03 जिलों में शामिल हो चुका है।

□ युष-योग

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन-योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून आने के पहले ही तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में 26 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, विदिशा और राजगढ़ भी शामिल हैं। वहीँ, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर सहित अनेक इलाकों में कल तेज बारिश हुई। ग्वालियर में दो मंजिला मकान की दीवार गिरने से तीन लोगों कीं मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। कई शहरों में भी बाउंड्रीवाल, बिजली के खम्बे गिरने और पेड़ उखड़ने की खबरें मिल रही हैं। रतलाम में पेड़ गिरने से रेल यातायात पर असर पड़ा।

समाचार संक्षेप

- इन्दौर जिले में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 20 जून पोलोग्राउन्ड में किया जा रहा है।
- मंदसौर जिले के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र को अति आधुनिक बनाने के लिए मन से मंदसौर जिला स्तरीय अभियान के जरिये गनेड़ीवाल ट्रस्ट ने 7 लाख रुपए की आधुनिक मशीनें दान की हैं।
- निवाड़ी में आज वाटर स्पोर्टस की सेलिंग विधा के लिए संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल से आये मुख्य कोच एवं सहायक प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा।
- झाबुआ जिले के दौरे पर आए जिला सैनिक वेलफेयर ऑफिसर कर्नल हरमीत सिंह ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान का भरोसा दिलाया।
- डिंडोरी में विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा एनजीओ प्रदीपन के सहयोग से बालश्रम के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया।
- खरगोन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ राजेन्द्र आचार्य को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

- राजगढ़ जिले में दिव्यांगजनों को रेलवे रियायत प्रमाण पत्र जारी किये जाने के लिए जिला स्तरीय शिविर 18 जून को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में आयोजित किया जाएगा।
- रायसेन में धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित जनजाति बहुल ग्रामों तथा दूरस्थ बस्तियों में 15 जून से 30 जून तक आयोजित किए जाने वाले शिविरों के प्रभावी और सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।
- विदिशा जिले की शमशाबाद तहसील मुख्यालय पर आयोजित शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र, रायसेन से आये कृषि वैज्ञानिक द्वारा खरीफ फसलों के लिए बीजोपचार की सलाह दी गयी।
- धार में आज 'एक शाम हनुमान जी के नाम' अखिल भारतीय सुन्दर कांड पाठ का आयोजन होगा। आयोजन में गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के सुंदरकांड मंडल तीन घंटे तक प्रस्तुति देंगे।
- आगरमालवा जिला पंचायत परिसर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में सीएलएफ समग्र सशक्तिकरण के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया।

-------